आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से
वंदे भारत 24
के लिए पत्रकारों की जरूरत है।
चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247
E-mail : info@vandebharat24.com



जालंधर, शुक्रवार 21 फरवरी 2025

# वंदे भारत 24

भारत के मन की बात

@vandebharat24 | vandebharat24 | @vandebharat24news | www.vandebharat24.com




## ऐसी शादी पहले शायद ही देखी हो !

# लड़की लेकर पहुंची लड़के के घर अपनी बारात

### शादी का वेन्यू जान हैरान हो जाएंगे

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** आजकल लोग अपने बच्चों की शादी करने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रहे हैं. कई तो लोगों में दिखावा करने के लिए बड़े-बड़े महंगे मैरिज पैलेसो में शादी कर रहे हैं. और इन शादियों के लिए चाहे उनको कर्ज ही क्यों ना उठाना पड़े. पर ऐसे लोगों को नई सिखलाई देने के लिए विदेश में रहने वाला एक जोड़ा विदेश छोड़कर पंजाब अपने घर वापस आकर शादी कर रहा है और लोगों को नई प्रेरणा देने की कोशिश कर रहा है. लेकिन इनकी शादी भी अनोखी ही है. ऐसी शादी शायद ही आपने पहले कभी नहीं देखी होगी. यह शादी पंजाब के सरहदी जिला फिरोजपुर के गांव करी कलां में देखने को मिली है, जिसमें दुल्हन अपने पति के घर बारात लेकर पहुंची है.



### खेतों में ही लगाया टेंट और की शादी

पति के खेतों में ही बड़ा टेंट लगाकर खड़ी फसल में शादी की. दुल्हन हरमन कौर ने बताया कि हम दोनों कनाडा में रहते हैं और शादी के लिए स्पेशल पंजाब अपने घर पर आए हैं. शादी के बाद पति का जो कुछ होता है वो पत्नी का भी हो जाता है इसलिए मैं आज अपने पति के घर पर बारात लेकर आई हूं.

अपने पति की जमीन में खड़ी फसल को बिना काटे जितनी जरूरत थी उतनी ही काटी गई है बाकी में हम लोग टेंट लगाकर शादी कर रहे हैं.

### किसानों की भी की थी मदद

हरमन बताती हैं, हमने जब दिल्ली में पहला किसानों का संघर्ष शुरू हुआ था, तो तब भी किसानों की मदद की थी.

अब भी हम अपनी शादी किसानी को समर्पित कर रहे हैं. ताकि बाकी के किसान परिवारों को इससे कोई सीख मिल सके और पुराने समय की तरह बड़े बड़े पैलेस को छोड़कर लोग घरों के बाहर अपनी जमीनों में टेंट लगाकर शादी करें. वहीं दूल्हे दुर्लभ सिंह ने बताया कि हम किसान हैं और हमे पहले किसानी संघर्ष से ये सीख मिली है कि हमें खेतों से जुड़ना चाहिए.

यही करने हम कनाडा से स्पेशल शादी करने के लिए ही अपने घर पंजाब आए हैं.

# पनामा से मकाऊ तक शरमा जाएगी 100 से ज्यादा देशों की GDP, जब देख लेंगे यूपी का बजट

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** देश में आबादी के लिहाज से सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश, इस मामले में दुनिया के कई बड़े देशों को चुनौती देता है. रूस और तुर्की की आबादी के बराबर उत्तर प्रदेश की आबादी है. गुरुवार को यहां की योगी आदित्यनाथ सरकार ने राज्य का बजट पेश किया. वित्त वर्ष 2025-2026 के लिए जो बजट पेश हुआ है, उसकी रकम जानकार आप हैरान जाएंगे. क्योंकि इसका साइज दुनिया के 100 से ज्यादा देशों की जीडीपी से ज्यादा है.बजट में उत्तर प्रदेश की जीडीपी का जो अनुमान लगाया गया है, वो पुर्तगाल के बराबर और हंगरी की जीडीपी से ज्यादा है. ऐसे में आप समझ सकते हैं कि आखिर दुनिया के मानचित्र पर उत्तर प्रदेश की क्या अहमियत है. आइए आपको बताते हैं कि आखिर भारत के सबसे बड़े राज्य ने कितना बड़ा बजट पेश किया है. इस बजट के मुकाबले में दुनिया के वो देश कौन से हैं, जिनकी जीडीपी भी उतनी नहीं है.




**यूपी का बजट :** उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 8,08,736 करोड़ रुपए का बजट पेश किया, जिसमें आरएंडडी और आईटी पर फोकस किया गया है. आगामी वित्त वर्ष के लिए प्रस्तावित बजट में 28,478.34 करोड़ रुपए की नई योजनाएं शामिल की गयी हैं. विधानसभा में बजट पेश करने से पहले इसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में संपन्न हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इसे मंजूरी दी गई थी. वित्त मंत्री ने विधानसभा में बजट पेश करते हुए कहा कि यह 2024-2025 के बजट से 9.8 प्रतिशत अधिक है, जिससे राज्य की आर्थिक वृद्धि को गति मिलेगी. वित्त वर्ष 2025 में प्रदेश का बजट 7,36,437 करोड़ रुपए था. खन्ना ने कहा कि यह बजट प्रदेश की आर्थिक मजबूती, औद्योगिक विकास तथा रोजगार सृजन को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है. सरकार का लक्ष्य उत्तर प्रदेश को 1000 अरब की इकोनॉमी बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ना है.

**यूनियन बजट का करीब 16 फीसदी :** खास बात तो ये है कि यूपी का बजट देश के कुल बजट का करीब 16 फीसदी है. इस बार देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कुल बजट 50.65 लाख करोड़ रुपए का पेश किया था. वहीं यूपी का बजट 8.08 लाख करोड़ रुपए का है. इसका मतलब है कि देश का बजट यूपी के बजट से 6 गुना से भी ज्यादा बड़ा है. देश के सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य की बात करें तो प्रदेश का एक दिन का बजट 2,216 करोड़ रुपए है. इसका मतलब है कि यूपी हर रोज 2,216 करोड़ रुपए खर्च करेगा. वहीं हर घंटे उत्तर प्रदेश सरकार राज्य के डेवलपमेंट के लिए 92 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करेगी.

**कई देशों की जीडीपी से ज्यादा है बजट :** यूपी के बजट का साइज डॉलर के हिसाब से देखें तो 93 अरब डॉलर से ज्यादा देखने को मिल रहा है. खास बात तो ये है कि इतनी वैल्यू तो देश के 100 से ज्यादा देशों की भी नहीं है. पनामा से लेकर मकाऊ तक एक लंबी लिस्ट है, जिनकी जीडीपी उत्तर प्रदेश के सालाना बजट से भी कम है. आईएमएफ के अनुमान के अनुसार साल 2025 में पनामा की जीडीपी 91.739 बिलियन डॉलर रह सकती है.

जबकि तुर्कमेनिस्तान 83.883 बिलियन डॉलर, उरुग्वे 82.605 बिलियन डॉलर, सर्बिया 82.605 बिलियन डॉलर, बेलारूस 73.129 बिलियन डॉलर, मयांमार 64.284 बिलियन डॉलर और मकाऊ की जीडीपी 55.587 बिलियन डॉलर है. दुनिया में ऐसे 100 से ज्यादा देशों लिस्ट है, जिनकी जीडीपी यूपी के बजट से कम है.

### पुर्तगाल के बराबर यूपी की जीडीपी

बजट में यूपी के फाइनेंस मिनिस्टर ने जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश की जीडीपी वित्त वर्ष 2025 में 27.51 लाख करोड़ रुपए यानी 317.5 बिलियन डॉलर रहने का अनुमान है. इसका मतलब है कि यूपी की इकोनॉमी का साइज यूरोप के बड़े देशों में शुमार और दुनिया की 47वीं सबसे बड़ी इकोनॉमी पुर्तगाल के बराबर आकर खड़ी हो गई. आईएमएफ के अनुमान के अनुसार साल 2025 में पुर्तगाल की इकोनॉमी 319 बिलियन डॉलर रहने का अनुमान है. अगर साल 2024 के जीडीपी के साइज की बात करें तो पुर्तगाल की इकोनॉमी 282.54 बिलियन डॉलर देखने को मिली थी. ऐसे में दोनों इकोनॉमी का साइज लगभग बराबर ही देखने को मिल रहा है. हंगरी की जीडीपी का अनुमानित साइज 312 बिलियन डॉलर, पेरू 294 बिलियन डॉलर, ईराक, ग्रीस, न्यूजीलैंड कतर आदि कई देश ऐसे हैं, जिनकी इकोनॉमी उत्तर प्रदेश की जीडीपी से भी है.


HAKIM TILAK RAJ KAPOOR
HOSPITAL PVT. LTD.
NEAR FOOTBALL CHOWK, JALANDHAR | Call/Whatsapp No. +91-95015-02525

आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाइयों तथा पंचकर्मा द्वारा
हर बीमारी के सफल इलाज के लिए मिलें।
Dr. Nuvneet Kapoor
B.A.M.S., M.D (H.T.R.K.)
Ph.: 0181-5092525
Website : www.hakimtilakraj.in

# स्ट्रीट वेंडर्स के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की तैयारी में जालंधर निगम, सख्त प्रक्रिया शुरू



**जालंधर( हर्ष शर्मा ):** नगर निगम द्वारा शहर में रेहड़ी-फड़ी व्यवस्थित करने और ट्रैफिक की समस्या को हल करने के लिए स्ट्रीट वेंडिंग जोन विकसित करने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इस पायलट प्रोजैक्ट के अन्तर्गत 4 स्थानों पर स्ट्रीट वेंडिंग जोन तैयार किए जा रहे हैं, जिससे शहर में अनियंत्रित रेहड़ियों को नियंत्रित किया जा सके। इसी संबंध में मेयर वनीत धीर द्वारा तहबाजारी विभाग के अधिकारियों के साथ मीटिंग की गई जबकि कमिश्नर गौतम जैन सहित अन्य अधिकारियों ने भी मीटिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। नगर निगम द्वारा पहले चरण में जिन 4 स्थानों को स्ट्रीट वेंडिंग जोन के रूप में विकसित किया जा रहा है, उनमें आदर्श नगर चौपाटी वाले स्थान को पूरी तरह से पुनर्विकसित किया जाएगा। वहीं, 120 फुटी रोड पर लगने वाले मंडी एरिया में काम करवाया जा रहा है। मकसूदां थाने के सामने निगम की जमीन वेंडिंग जोन स्थापित होगा व साथ ही 7 नंबर थाने के सामने मंडी क्षेत्र भी स्ट्रीट वेंडिंग जोन बनाने की प्रक्रिया चल रही है। इन वेंडिंग जोनों में बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है ताकि रेहड़ी-फड़ी संचालकों को व्यवस्थित स्थान मिल सके और आम जनता को भी बेहतर माहौल मिले।

नगर निगम ने 1500 रेहड़ियों का डाटा एकत्रित कर लिया है और रोजाना करीब 150 नई रेहड़ियां लिस्टम में दर्ज की जा रही हैं। इसके तहत प्रत्येक रेहड़ी को निगम की ओर से विशेष नंबर प्लेट जारी की जाएगी, जिसमें संबंधित व्यक्ति का नाम, पता और रेहड़ी का विवरण दर्ज होगा। इसके अन्तर्गत हर रेहड़ी पर क्यू.आर कोड वाली नंबर प्लेट लगाई जाएगी, इसके लिए प्लेटें फाइनल कर ली गई है। सब्जी बेचने वाली, खाने-पीने वाली व अन्य रेहड़ियों पर अलग रंग की प्लेट होगी। रेहड़ी का स्थान और संचालन का विवरण रिकॉर्ड में दर्ज किया जाएगा। इसमें सख्त निगरानी होगी ताकि ट्रैफिक जाम की समस्या कम हो सके।

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार, नई व्यवस्था से अवैध रेहड़ियों को हटाने में मदद मिलेगी और शहर की सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलेगी। नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही रेहड़ी मालिकों को नंबर प्लेट वितरित कर दी जाएंगी, जिससे अवैध रेहड़ियों पर रोक लग सके और रेहड़ियों का सही रिकॉर्ड रखा जा सके। आज की बैठक में नगर निगम के तहबाजारी विभाग के साथ कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। नगर निगम की योजना के अनुसार हाऊस की बैठक में इस प्रस्ताव को रखा जाएगा और भविष्य में 4-5 और नए स्ट्रीट वेंडिंग जोन विकसित किए जाएंगे।

## वेंडिंग जोनों में होंगी बुनियादी सुविधाएं

अधिकारियों ने बताया कि वेंडिंग जोनों में रेहड़ी संचालकों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके तहत छत (शैड) लगाई जाएगी ताकि दुकानदार और ग्राहक बारिश व धूप से बच सकें। शौचालय (बाथरूम) की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। फुटफाथ और टाइल वर्क करवाया जा रहा है, जिससे वेंडिंग जोन व्यवस्थित और आकर्षक दिखे। प्रत्येक वेंडिंग जोन में निगम की ओर से निगरानी व्यवस्था भी रखी जाएगी।

## सख्त चेतावनी

अधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि शहर में अवैध रूप से रेहड़ी-फड़ी लगाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी नियमों का पालन न करने वालों पर कड़ी नजर रखें और आवश्यकतानुसार कार्रवाई करें। बताया जा रहा है कि शहर में करीब 20,000 से अधिक रेहड़ियां हैं, लेकिन सिर्फ 3000 रेहड़ियों की पर्ची काटी जाती है। ऐसे में नगर निगम ने सभी रेहड़ियों को अपने रिकॉर्ड में लाने का फैसला किया है।

## शहर को साफ-सुथरा बनाएंगे : वनीत धीर

मेयर वनीत धीर ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के जरिए शहर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाना प्राथमिकता है। नगर निगम का उद्देश्य व्यापारियों और नागरिकों के बीच संतुलन स्थापित करना और सड़कों पर सुचारू यातायात सुनिश्चित करना है।

### कब्जे हटाने पर जोर, ट्रैफिक समस्या का समाधान प्राथमिकता

निगम ने कब्जे को हटाने पर विशेष ध्यान देने का फैसला किया है। बाजारों और मुख्य सड़कों पर लगने वाली रेहड़ियों के कारण होने वाली ट्रैफिक समस्या को कम करने के लिए तत्काल प्रभाव से कब्जे हटाने और चालान काटने के निर्देश दिए गए हैं। मेयर वनीत धीर ने कहा कि बाजारों और प्रमुख सड़कों पर अनधिकृत कब्जे हटाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा और सख्ती के साथ नियमों का पालन करवाया जाएगा।

# गर्मी आते-आते मौसम का U-Turn, पंजाब में हुई Snow Fall

**जालंधर (अंशु कपूर) : पंजाब में आज मौसम पूरी तरह बदल गया है। पंजाब में सुबह से ही कई स्थानों पर हल्की से भारी बारिश हो रही है। पिछले दो-तीन दिनों से पड़ रही गर्मी और तेज धूप से ऐसा लग रहा था कि सर्दी का मौसम लगभग खत्म हो गया है, लेकिन मौसम ने एक बार फिर करवट लेनी शुरू कर दी है। जालंधर व आसपास के इलाकों आज में भारी बारिश के साथ-साथ ओलावृष्टि भी हुई है।**

**आज सुबह से हो रही बारिश के कारण लोग एक बार फिर गर्म कपड़े पहनने को मजबूर हो गए हैं। इस बारिश के कारण एक बार फिर ठंड बढ़ जाएगी और लोगों को सुबह-शाम फिर से ठंड का सामना करना पड़ेगा। राज्य के कई जिलों में आज बारिश, आंधी और बिजली गिरने का अनुमान है।**





आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# चंडीगढ़ में छात्र से दरिंदगी, प्राइवेट पार्ट में लगाया करंट और डाली छड़ी

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** ट्राई सिटी चंडीगढ़ में एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां, पढ़ाई कर रहे एक छात्र का अपहरण कर उसके साथ कुकर्म किया गया। सिर्फ ये ही नहीं, दरिंदों ने छात्र के प्राइवेट पार्ट में करंट भी लगाया।

छात्र ने एक वीडियो जारी करके उसके साथ हुई दरिंदगी के बारे में बताया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित ने बताया कि वह चंडीगढ़ में पढ़ाई कर रहा है और वो मूल रूप से शिमला का रहने वाला है और बीमा एजेंट के रूप में काम करता है।

11 जनवरी को वह अपने फ्लैट में था, तभी हरजीत सिंह और उसके दोस्त करम देव ने उसे जबरन अपने कार्यालय में काम करने का दबाव बनाया। साथ ही आरटीओ से वीआईपी नंबर 0009 बुक करवाने को धमकाने लगे। इसके



बाद उसे गन पॉइंट पर उठाकर सेक्टर-88 में ले जाकर मारपीट की। उसके प्राइवेट पार पर करंट लगाया और छड़ी डाली। इस दौरान आरोपियों ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया और फिर उसे ब्लैकमेल करने लगे। पीड़ित के मुताबिक जबरन उसके मोबाइल से ऑनलाइन 30 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए और उसकी एसयूवी गाड़ी भी अपने नाम करवा ली। आरोपियों ने वीडियो डिलीट करने के बदले चार लाख रुपए की फिरौती भी मांगी। उसके बाद वो आहत हो गया कि उसने आत्महत्या करने की कोशिश की। वह पिंजौर पहुंचा और रोते हुए अपनी आपबीती का वीडियो बनाकर दोस्तों और रिश्तेदारों को भेज दिया। लोगों ने उसे आत्महत्या करते देख बचा लिया। हिमाचल प्रदेश के शिमला पुलिस स्टेशन में पीडित छात्रा की शिकायत पर जीरो एफआईआर दर्ज कर मोहाली के थाना सिटी खरड़ में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी अजीतेश कौशल ने कहा मामले की जांच की जा रही है, जांच में जो भी फैक्ट सामने आएंगे उसके आधार आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# मणिकर्ण में केरल के युवक की मौत, दोस्तों के साथ आया था घूमने

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** केरल से हिमाचल घूमने आए एक युवक की मौत हो गई। युवक अपने दोस्तों के साथ कुल्लू आया था। सभी 15 फरवरी को केरल से मणिकर्ण घूमने आए थे। इस दौरान एक युवक की मौत हो गई है, मामले की सूचना मिलते ही मणिकर्ण पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और युवक के शव को अपने कब्जे में लिया। घटना को लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और साथी युवकों से भी पूछताछ की जा रही है।



एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि 15 फरवरी को केरल के चार युवक मणिकर्ण घूमने आए थे। इस दौरान सभी कटागला गांव में एक होम स्टे में रुके थे। 16 फरवरी की रात को चारों युवक खाना खाकर सो गए, लेकिन अगले दिन जब सभी युवक उठे तो उनमें से अश्विन नाम का युवक सुबह नहीं उठा। साथी युवकों ने उसे उठाने की बहुत कोशिश की।

इसके बाद सभी दोस्तों ने इलाज के लिए अश्विन को जरी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद अश्विन को मृत घोषित कर दिया। एसपी कुल्लू ने बताया कि मामले में पुलिस ने मृतक के तीनों दोस्तों के बयान दर्ज कर लिए हैं। मृतक की पहचान अश्विन पीटी सुरेश (उम्र 24 साल) पुत्र बाबू पीटी निवासी व पलामनदम, तहसील नीलमापुर, जिला मल्लापुरम, केरल के रूप में हुई है।

# पंजाब कांग्रेस की अहम बैठकः 2027 चुनाव में जीत का दावा, संगठन को मज़बूत करने पर जोर

**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** आज ऑल इंडिया कांग्रेस पार्टी के सचिव श्री रविंद्र डालवी और पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ अहम बैठक की। बैठक में पार्टी को वार्ड और ब्लॉक स्तर पर मज़बूत करने और आने वाले विधानसभा चुनाव 2027 के लिए रणनीति बनाने पर चर्चा हुई।

बैठक में प्रमुख रूप से शामिल नेताओं में ज़िला कांग्रेस कमेटी देहाती के प्रधान हरदेव सिंह लाड़ी शेरोवालियां, ज़िला कांग्रेस कमेटी शहरी के प्रधान राजिंदर बेरी, पूर्व मंत्री और विधायक प्रगट सिंह, विधायक सुखविंदर सिंह कोटली, विधायक अवतार सिंह जूनियर, नवजोत सिंह दाहिया (हल्का इंचार्ज नकोदर), राजिंदर सिंह (पूर्व एसएसपी, हल्का इंचार्ज करतारपुर), सुरिंदर कौर (हल्का इंचार्ज जालंधर वेस्ट), चौधरी सुरिंदर सिंह (पूर्व विधायक), अश्वन भल्ला (सीनियर उप प्रधान, ज़िला कांग्रेस कमेटी देहाती), पवन कुमार (सीनियर उप प्रधान, ज़िला कांग्रेस कमेटी शहरी), परमजोत सिंह शैरी चड्ढा (सीनियर उप प्रधान, ज़िला कांग्रेस कमेटी शहरी) और पूर्व प्रधान बलराज ठाकुर मौजूद रहे। इसके अलावा ब्लॉकों के प्रधान,






सैल के चेयरमैन, ज़िला कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारी, काउंसलर, पूर्व काउंसलर और वार्डों के इंचार्ज भी बैठक में उपस्थित थे।

बैठक के दौरान पंजाब कांग्रेस प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने कहा कि पार्टी में अनुशासन बेहद ज़रूरी है और कांग्रेस को नीचे से ऊपर तक मज़बूत किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सरकार बनाएगी और जनता भी अब कांग्रेस के समर्थन में अपना मन बना चुकी है।

पंजाब कांग्रेस नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर चुनावी तैयारियों में जुटने का निर्देश दिया और कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का होगा।

# जालंधर में दर्दनाक हादसा, दो दोस्तों की मौत

**जालंधर( पवन कश्यप ) :** महानगर जालंधर में हुए दर्दनाक हादसे में दो दोस्तों की मौत हो गई। दोनों के परिवार स्पोटर्स कारोबार से जुड़े हुए हैं। दोनों एक एक्टिवा पर सवार थे और एक बोलेरो पिकअप गाड़ी ने इन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि पिकअप का चालक मौके से फरार हो गया। मृतकों की पहचान पंकज निजात्म 30 और मोहित 31 निवासी बस्ती के रूप में हुई है। पुलिस ने केस दर्ज कर मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पिकअप पर खून के छींटें लगे हुए हैं।

परिवार वालों को यकीन ही नहीं हो रहा है कि उनके बेटे अब इस दुनिया में नहीं हैं। मृतक पंकज की तो मात्र तीन महीने पहले ही शादी हुई थी व मोहित अपने परिजनों का इकलौता बेटा था। हादसे में 2 घरों के चिराग बुझने से परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मृतक के परिजनों की माने





तो उनके बेटे अंबेडकर चौक से फुटबाल चौक की तरफ आ रहे थे तो शरणजीत अस्पताल के पास एक काले रंग की अज्ञात गाड़ी ने उनकी एक्टिवा को साइड मार दी। इसके चलते उनका बैलेंस बिगड़ गया, जिससे वह पीछे से आ रही महिंद्रा पिकअप के नीचे आ गए हैं। पिकअप उन्हें काफी दूरी तक घसीटते ले गई, जिससे उनके शरीर से काफी खून बह गया था, जिससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। हालांकि दोनों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस के अनुसार यह हादसा रात दो बजे के करीब हुआ, जिसकी उन्हें सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन दोनों की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने गाड़ी कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। माना जा रहा है कि कैमरों में एक काले रंग की गाड़ी दिख तो रही है, लेकिन गाड़ी का नंबर पहचान में नहीं आ सका है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

जल्दी ही घटना के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# बस से उतारकर 7 पंजाबियों को मारी गोली... सभी की मौत

**जालंधर( अंशु कपूर ) :** पाकिस्तान में आतंकवाद और उग्रवाद की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। इसी कड़ी में, मंगलवार को बलूचिस्तान प्रांत में एक भयावह हमला हुआ, जहां उग्रवादियों ने एक बस रोककर सात पंजाबी यात्रियों की निर्मम हत्या कर दी।

### बस से उतारकर दी गई मौत

यह घटना मंगलवार देर रात बलूचिस्तान के बरखान जिले के पास हुई, जब क्वेटा से लाहौर जा रही एक बस को बंदूकधारी उग्रवादियों ने रोका। उन्होंने बस में घुसकर यात्रियों के पहचान पत्र चेक किए और उनमें से सात पंजाबी यात्रियों को चुनकर बस से नीचे उतार लिया। इसके बाद सभी को गोली मार दी गई, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

**बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली**




**जिम्मेदारी** - इस हमले की जिम्मेदारी बलूचिस्तान में सक्रिय उग्रवादी संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (BLA) ने ली है। संगठन ने दावा किया कि यह हमला पाकिस्तानी सेना की ज्यादतियों के जवाब में किया गया है। बीएलए का आरोप है कि पाकिस्तानी सेना बलूच नागरिकों को जबरन गायब कर रही है, और यह हमला उसी की प्रतिक्रिया के रूप में किया गया। बीएलए की इंटेलिजेंस विंग 'जीरब' ने दावा किया कि बस में पाकिस्तानी सेना और खुफिया एजेंसी इस्‍से जुड़े लोग सवार थे। हालांकि, पाकिस्तानी मीडिया इसे आम नागरिकों पर हमला बता रही है और इस दावे की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है।

**आतंक और असुरक्षा के साए में पाकिस्तान** - बलूचिस्तान लंबे समय से उग्रवादी हमलों का केंद्र बना हुआ है। हाल के वर्षों में इस प्रांत में पाकिस्तान सरकार और सेना के खिलाफ कई हमले हुए हैं। विशेष रूप से पंजाबी और अन्य अल्पसंख्यकों को निशाना बनाया जाता रहा है। इस ताजा हमले ने पाकिस्तान में सुरक्षा हालात को लेकर एक बार फिर गंभीर चिंता खड़ी कर दी है।

# दिल के अरमान आंसुओं में बह गए... बारात का इंतजार करते रहे लड़की वाले, NRI दूल्हे ने कर दिया खेल

**जालंधर ( पवन कश्यप ) :** पंजाब के गुरदासपुर जिले में शहर के मैरिज पैलेस में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एनआरआई दूल्हा बरात लेकर नहीं पहुंचा।

लड़की परिवार ने शादी की सारी तैयारियां कर रखी थीं, जो धरी की धरी रह गईं। यही नहीं दूल्हे ने मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ कर लिया, जिसके बाद लड़की परिवार के सदस्य पुलिस के पास जा पहुंचे। पीड़ित परिवार ने एसएसपी के समक्ष पेश होकर व्यथा बताई, जिसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए शिकायत दर्ज कर ली है। पुलिस की ओर से दूल्हे के खिलाफ एलओसी (लुकआउट सर्कुलर) भी जारी कर दी गई है।



### कनाडा में रहता है दूल्हा

पीड़ित परिवार का कहना है कि शादी नहीं होने से उनकी बेटी की जिंदगी खराब की गई है। वहीं, शादी पर उनका लाखों रुपये का भी नुकसान हुआ है। उन्होंने आरोपित के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। दुल्हन के रिश्तेदार ने बताया कि पीड़ित परिवार गांव सोहल का रहने वाला है।

लड़के का परिवार कपूरथला में रहता है। आरोपित का पिता फैक्ट्री में काम करता है, जबकि दूल्हा कनाडा में रहता है। शगुन समारोह भी कपूरथला में हुआ था। लड़की के परिवार का कहना है कि लड़के का पहले भी किसी लड़की के साथ रिश्ता हुआ था। शगुन समारोह के दौरान उक्त लड़की ने पहुंचकर दावा किया था कि लड़के ने उसके साथ शादी कर रखी है।

### दूल्हे के खिलाफ जारी हुआ एलओसी

परिवार ने बताया कि लड़का पक्ष ने उस समय उन्हें यह कर वापस भेज दिया कि बरात की तैयारी की जाए, वे सब कुछ ठीक कर देंगे। उन्होंने बताया कि बुधवार को परिवार ने शादी की सभी तैयारियां कर रखी थीं। पैलेस में वे काफी समय तक इंतजार करते रहे, लेकिन लड़का पक्ष वाले वहां पर नहीं पहुंचे।

उन्होंने फोन पर उनके साथ संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन दूल्हे ने फोन स्विच ऑफ कर रखा था। काफी समय तक इंतजार के बाद वे एसएसपी दफ्तर पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई। परिवार ने पुलिस से इंसाफ दिलाने की गुहार लगाई है। दरबारी लाल ने बताया कि एसएसपी ने उन्हें कार्रवाई का विश्वास दिलाते दूल्हे के खिलाफ एलओसी जारी करा दी है।

# ठगी करने के आरोप में ट्रैवल एजेंट के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**फगवाड़ा** - पंजाब पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने के आरोप में एक ट्रैवल एजेंट के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रुपिंदर कौर भट्टी ने बुधवार को बताया कि दविंदर कुमार जस्सल निवासी गोबिंदपुरा फगवाड़ा द्वारा दर्ज करवाई गयी शिकायत के आधार पर पुलिस ने एक फर्जी ट्रैवल एजेंट भूपिंदर सिंह निवासी गांव भट्टियां नजदीक फिल्लौर के खिलाफ धारा 420,406 आईपीसी और पंजाब ट्रैवल्स प्रोफेशनल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि न तो आरोपी उसे विदेश भेज पाया और न ही उसके रुपये लौटाये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




# पंजाब में सरकारी गेहूं को लेकर धड़ाधड़ चलीं गोलियां, 3 लोग घायल; आखिर क्या था पूरा विवाद

**जालंधर( पंकज शर्मा ) :** पंजाब के गुरदासपुर के अंतर्गत फतेहगढ़ चूड़ियां थाने के गांव अवान में बुधवार देर शाम दो गुटों बीच सरकारी गेहूं के वितरण को लेकर झगड़ा हो गया। इस दौरान गोलियां चलने से तीन लोग घायल हो गए। घायलों को फतेहगढ़ चूड़ियां के सरकारी अस्पताल में ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने प्राथमिकता सहायता देने के बाद उनको गुरु नानक देव अस्पताल अमृतसर रेफर कर दिया।

एसएचओ इंस्पेक्टर किरणदीप सिंह ने बताया कि गांव के गुरुद्वारा साहिब के निकट सड़क पर जब सत्ताधारी पार्टी के नेता जितेंद्र सिंह अपने साथियों सहित सरकारी गेहूं बांट रहे थे तो इस दौरान गांव के मौजूदा सरपंच अपने कुछ समर्थकों को साथ लेकर पहुंच गए।

### दोनों गुटों के बीच हुआ झगड़ा

इस दौरान पुरानी रंजिश को लेकर दोनों गुटों में झगड़ा हो गया। इस झगड़े में कुलदीप सिंह पुत्र बावा सिंह, गुरकीरत सिंह पुत्र रविंद्र सिंह और लवजोत सिंह पुत्र जितेंद्र सिंह गोलियां लगने से घायल हो गए।



पुलिस पार्टी घटनास्थल पर पहुंची और घायलों के बयान दर्ज करके अगले कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। खबर लिखे जाने तक पुलिस जांच में जुटी हुई थी।

### गेहूं की दवाइयों पर छिड़काव अभियान जारी

उधर, कलानौर सीमावर्ती ब्लॉक कलानौर व डेरा बाबा नानक के अधीन आते विभिन्न गांवों के किसानों की ओर से गेहूं का अधिक झाड़ लेने के लिए विभिन्न दवाइयों की स्प्रे बड़े स्तर पर की जा रही है।

पंप के साथ गेहूं की स्प्रे कर रहे मनजीत सिंह मन्ना, राणा वडाला बांगर, बलजीत सिंह आदि ने संयुक्त तौर पर बताया कि किसानों की ओर से गेहूं की फसल का अधिक झाड़ लेने के उद्देश्य से तेले की रोकथाम व गेहं के पौधों की ग्रोथ के लिए स्प्रे करवाई जाती है।

उनकी ओर से पिछले एक महीने से लगातार एक व्यक्ति की ओर से रोजाना 60 पंप स्प्रे की जाती है। एक पंप के 40 से 50 रुपये वसूल किए जा रहे हैं और प्रत्येक किसान एक एकड़ में चार पंप दवाई की स्प्रे करवा रहा है।

उन्होंने बताया कि गेहूं की फसल की बल्लियां निकलनी शुरु होने के कारण किसानों की ओर से उस पर तेले की रोकथाम के लिए स्प्रे करवाने संबंधी बुकिंग करवाई जा रही है।

आवश्यकता पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है। मोब. 97814-00247 97804-00247






# मुंबई, ढाका और कोलंबिया हो जाएंगे नेस्तनाबूद!

## नासा की रिपोर्ट ने उड़ा दिए होश, 7 साल तक का दिया अल्टीमेटम

**जालंधर ( अंशु कपूर ) :** नासा ने नया डेटा जारी किया है, जिससे पता चलता है कि अगर 2024 ङ्क्रञ्च एस्टेरॉयड पृथ्वी से टकराएगा तो यह दुनिया के कुछ सबसे घनी आबादी वाले इलाकों को तबाह कर देगा। नासा ने बताया है कि पूर्वी प्रशांत महासागर, उत्तरी दक्षिण अमेरिका, अटलांटिक महासागर, अफ्रीका, अरब सागर और दक्षिण एशिया तक इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिलेगा।

नासा ने बताया है कि इस एस्टेरॉयड के टकराने से कोलंबिया का बोगोटा शहर में भारी तबाही आएगी। इस शहर में 11.6 मिलियन से अधिक लोग रहते हैं। वहीं मुंबई और ढाका पर भी खतरा है।



### धरती से टकराने का खतरा बढ़ा

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 2032 में इस एस्टेरॉयड के पृथ्वी से टकराने के जोखिम को बढ़ाकर 3.1 प्रतिशत कर दिया है। इसके बाद यह एस्टेरॉयड अब तक ज्ञात सबसे अधिक खतरे वाला एस्टेरॉयड बन गया है।

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) का अनुमान है कि इसके टकराने की संभावना 2.8 प्रतिशत है, जो 2004 के अपोफिस एस्टेरॉयडसे भी अधिक खतरे का स्तर है। शुरू में यह माना गया था कि यह 2029 में पृथ्वी से टकराएगा, लेकिन आगे के शोध के बाद इस थ्योरी को खारिज कर दिया गया।

### 2024 YRy एस्टेरॉयड क्या है?

नासा के NEO अध्ययन केंद्र (CNEOS) के अनुसार, इस एस्टेरॉयड की खोज 27 दिसंबर, 2024 को चिली के रियो हर्टाडो में नासा की ओर से फंड की गई दूरबीन द्वारा की गई थी। उस समय वैज्ञानिकों ने कहा था कि यह अनुमान लगाना कठिन है कि एस्टेरॉयड पृथ्वी से टकराएगा या नहीं। हालांकि एस्टेरॉयड के सटीक आकार की अभी पुष्टि नहीं की जा सकी है, लेकिन वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इसका आकार संभवत: 40 से 90 मीटर के बीच होगा, तथा इसकी अधिकतम ऊंचाई न्यूयॉर्क के स्टेट ऑफ लिबर्टी के बराबर होगी। वैज्ञानिकों ने 2024 YRy को टोरीनो स्केल पर 10 में से 3 अंक दिए हैं। यह वह पैमाना है जिसका उपयोग CNEOS पृथ्वी पर किसी एस्टेरॉयड के प्रभाव के संभावित खतरे के स्तर का आकलन करने के लिए करता है।

# रांची से प्रयागराज जा रही बस फोरलेन पर जलकर हुई खाक, बाल-बाल बचे श्रद्धालु

**जालंधर ( पंकज शर्मा ) :** रांची से महाकुंभ प्रयागराज जा रही तीर्थयात्रियों से भरी स्लीपर बस में बुधवार की देर रात लकड़ी गेट, कुजू फोरलेन में अचानक आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि ऊंची लपटों को देख और टायर फटने की आवाज सुनकर आसपास निवास करने वाले लोगों की घटनास्थल पर भीड़ लग गई।



कुजू पुलिस को सूचित करते हुए आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से सभी तीर्थयात्रियों को बस से सकुशल उतार लिया गया। पुलिस द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचना देते हुए घटनास्थल पहुंच कर सभी तीर्थयात्रियों को वापस भेजा गया।

### पूरी तरह जल गई बस

इधर स्थानीय लोगों के सहयोग से बस के चालक-उपचालक ने आग पर काबू पाने का काफी प्रयास किया, लेकिन आग बेकाबू हो चुकी थी। वहीं फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक काफी देर हो चुकी थी। तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी।

जानकारी के अनुसार पृथ्वी वाहन नामक स्लीपर एसी बस (जेएच01एफआर-2771) रांची से महाकुंभ प्रयागराज स्नान करने जाने वाले तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही थी। इस दौरान लकड़ी गेट कुजू फोरलेन डायवर्सन में मध्यरात्रि बस में अचानक आग लग गई।

**पिछला टायर फटने की वजह से लगी आग** - देर रात होने की वजह से कई यात्री सोए हुए थे। अन्य तीर्थयात्रियों ने के द्वारा हल्ला मचाने पर तीर्थयात्रियों ने बस से उतरकर अपनी जान बचाई।

जिन्हें कुजू ओपी पुलिस की मदद से वापस भेजा गया। इस संबंध में कुजू ओपी प्रभारी मो. नौशाद ने बताया कि पिछला टायर फटने के कारण बस में आग लग गई।

# परिवार पर कहर बन बरसी बारिश, मच गई चीख-पुकार

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** पंजाब में एकदम बदले मौसस ने जहां फिर ठंड बढ़ा दी है वहीं इस बारिश ने एक परिवार में तबाही मचा दी है। आज पंजाब भर में हुई भारी बारिश व ओलावृष्टि के कारण कई जगहों पर तबाही भी देखने को मिली है। जानकारी के मुताबिक, मानसा जिले के गांव भम्मे कलां में एक दर्दनाक हादसा हो गया। गत देर रात से हो रही बारिश के दौरान एक एक गरीब परिवार के कच्चे मकान की छत्त गिर गई। इस दौरान एक बुजुर्ग महिला सहित 3 लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों की पहचान सुरजीत कौर (70 वर्षीय), सतनाम सिंह (20 वर्षीय) व अर्शदीप सिंह (17 वर्षीय) के रूप मेंम हुई है। सभी घायलों को तुरन्त मानसा के अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां इनका इलाज चल रहा है। इस संबंधी जानकारी देते हुए घायल सतनाम सिंह ने बताया कि गत देर रात से हो रही बारिश के कारण उनके घर छत अचानक गिर गई। इस दौरान मलबे के नीचे दबने से वह घायल हो। इस दौरान आसपास के लोगों ने उन्हें मलबे से निकाला और अस्पताल पहुंचाया। परिवार वालों ने बताया कि उनका घर की छत खस्ता हालत में थी और आर्थिक तंगी के कारण वह इसे ठीक नहीं करवा पा रहे थे। इसी बीच देर रात से हो रही बारिश के कारण उनके घर की छत गिर गई और वह घायल हो गए।



# संभल हिंसा में 79 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल, साठा का एक और गुर्गा गिरफ्तार

**जालंधर ( जसप्रीत सिंह ) :** जामा मस्जिद के सर्वे के विरोध में 24 नवंबर, 2024 को हुई हिंसा में संभल पुलिस ने गुरुवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में गिरफ्तार 78 आरोपियों के खिलाफ बलवा, आगजनी और फायरिंग की धाराओं में चार्जशीट दाखिल कर दी है। पुलिस की ओर से दर्ज छह मुकदमों में दाखिल चार्जशीट करीब छह हजार पेजों की है। एक महिला फरहाना के खिलाफ साक्ष्य नहीं मिले हैं। कोर्ट ने फरहाना को रिहा करने का आदेश दिया है। हिंसा में तीन महिलाओं सहित 79 आरोपित गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

हिंसा में फायरिंग, आगजनी और पथराव के बीच चार लोगों की मौत हो गई थी। 30 अधिकारी व पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

हिंसा का मास्टरमाइंड अंतरराष्ट्रीय ऑटो लिफ्टर शारिक साठा के दो गुर्गे मुल्ला अफरोज और वारिस की गिरफ्तारी के बाद उसका नाम सामने आ चुका है। साठा ने दुबई में बैठकर क्षेत्र में अपना दबदबा बनाने के लिए हिंसा का षड्यंत्र रचा था।

पुलिस ने गुरुवार को साठा का एक और गुर्गा गुलाम को गिरफ्तार कर लिया है। वह देश में विदेशी असलाह सप्लाई करने का काम करता था। उसके खिलाफ संभल में 20 मुकदमे दर्ज हैं।

हिंसा में पुलिस ने सात और मृतकों के परिजनों की ओर से चार प्राथमिकी दर्ज कराई गई थीं।

वहीं, एक घायल की ओर से भी प्राथमिकी है। सभी 12 प्राथमिकी की जांच एसआईटी कर रही है। सभी प्राथमिकी में सांसद जियाउर्रहमान बर्क, विधायक इकबाल महमूद का बेटा सुहैल इकबाल सहित 37 नामजद आरोपी हैं। इसके अलावा 3750 अज्ञात हैं। सांसद के खिलाफ अभी चार्जशीट दाखिल नहीं की गई है।



आवश्यकता
पंजाब के हर शहर व कस्बे से पत्रकारों की जरूरत है। चाहवान सम्पर्क कर सकते है।
मोब. 97814-00247
97804-00247



# अश्लीलता रोकने के लिए सरकार लाएगी डिजिटल इंडिया बिल; सोशल मीडिया कंटेंट पर नजर रखी जाएगी

## केंद्र करीब 15 महीने से काम कर रहा

**जालंधर ( हर्ष शर्मा ) :** सोशल मीडिया पर अश्लीलता रोकने के लिए केंद्र सरकार मौजूदा आईटी एक्ट की जगह डिजिटल इंडिया बिल लाने पर काम कर रही है। नए कानून में यू ट्यूबर, डिजिटल प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया यूजर्स को रेगुलेट करने के प्रावधान रहेंगे।

डिजिटल इंडिया बिल पर केंद्र करीब 15 महीने से काम कर रहा है। अलग-अलग क्षेत्र के लिए विशिष्ट प्रावधान वाले कानून बनाए जाएंगे। जैसे दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी और सूचना एवं प्रसारण संबंधी विषयों के लिए अलग-अलग प्रावधान रखे जाएंगे। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के गवर्नेंस की भी व्यवस्था हो।

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर रणवीर अलाहबादिया के विवाद के चलते सरकार डिजिटल इंडिया बिल की ओर वापसी कर रही है। हालांकि, एआई गवर्नेंस इससे अलग रखने का फैसला किया है। इसके लिए पूरी तरह अलग नियमन की जरूरत है। सरकार के सामने तुरंत की बाध्यता सुप्रीम कोर्ट को संतोषजनक जवाब देने की है कि आईटी एक्ट की खामियां दूर करने के लिए क्या किया जा रहा है। आईटी मामलों पर संसदीय समिति ने भी अश्लील कंटेंट पर अंकुश के लिए सरकार से जवाब मांग रखा है।

आईटी एक्ट साल 2000 में बना था, तब 60 लाख नेट यूजर थे, अब 90 करोड़ आईटी एक्ट, 2000 पुराना हो चुका है। यह बना तब देश में इंटरनेट यूजर 60 लाख तक थे। अब 90 करोड़ से ज्यादा हैं। संसदीय समिति ने हाल में अश्लील व फूहड कंटेंट पर सरकार से पूछा था कि आईटी एक्ट में ऐसे कंटेंट को लेकर क्या प्रावधान हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसी मुद्दे पर अटॉर्नी जनरल और सॉलीसिटर जनरल को अगली सुनवाई पर बुलाया है।




कंटेंट को लेकर सरकार की गाइडलाइन भारत सरकार ने 2021 में Rules बनाया था। इसे 6 अप्रैल, 2023 को अपडेट किया गया। 30 पेज की गाइडलाइंस में सोशल मीडिया, फिल्म और वेब सीरीज के लिए नियम बताए गए हैं। पेज नंबर-28 पर फिल्म, वेब सीरीज और एंटरटेनमेंट प्रोग्राम के लिए जनरल गाइडलाइंस है।

इसमें टारगेट ऑडियंस के आधार पर कैटेगरी तय करना जरूरी है। ये चेतावनी देना भी जरूरी है कि आप क्या कंटेंट दिखा रहे हैं।

गाइडलाइंस के मुताबिक, OTT और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ग्रीवांस ऑफिसर रखने होंगे। कंटेंट कानून के हिसाब से होना चाहिए। उसमें सेक्स न हो, एंटी नेशन न हो और बच्चों-महिलाओं को नुकसान पहुंचाने वाला न हो।

### इसकी निगरानी के लिए दो तरह के नियम हैं...

**पहला:** सेल्फ रेगुलेटरी होना चाहिए। मतलब कंटेंट को अपलोड करने वाला सरकार की गाइडलाइंस का ध्यान रखेगा। इसके लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, OTT, मोबाइल एप्स खुद इनका ध्यान रखेंगे। ये जांचेंगे कि कोई कंटेंट गलत तो नहीं है। चाइल्ड पोर्नोग्राफी नहीं होनी चाहिए। ये भी देखेंगे कि सेक्शुअल कंटेंट किस लेवल का है और भाषा किस तरह की है।

**दूसरा :** अगर किसी को कंटेंट पर आपत्ति है, तो वो शिकायत कर सकता है। इसके लिए कंटेंट पब्लिश करने वाले प्लेटफॉर्म, वेबसाइट, एप पर शिकायत करने के लिए सिस्टम होगा। उस पर ग्रीवांस ऑफिसर का नाम, फोन नंबर और ईमेल आईडी होगी। कोई भी व्यक्ति उस पर शिकायत कर सकेगा।

शिकायत अधिकारी 24 घंटे में शिकायत रजिस्टर करेगा। शिकायत करने वाले को एक्नॉलेजमेंट देना होगा। शिकायत की तारीख से 15 दिनों के अंदर उसका हल करना होगा। अगर कंटेंट हटाने की जरूरत होगी, तो उसे हटाना होगा। शिकायत न सुनी जाए, तो सूचना प्रसारण मंत्रालय की वेबसाइट पर भी शिकायत कर सकते हैं।

अश्लील कंटेंट केस में फंसे सेलिब्रिटी रणवीर अलाहबादिया और समय रैना- रणवीर अलाहबादिया पर आरोप था कि उन्होंने समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट में पेरेंट्स पर अश्लील कमेंट किए थे। इसके बाद उनके ऊपर महाराष्ट्र, असम समेत कई जगहों पर FIR दर्ज की गईं। मामले में समय रैना और अपूर्वा मखीजा के खिलाफ भी केस दर्ज है। फिलहाल मामला सुप्रीम कोर्ट में है।

**राज कुंद्रा :** मुंबई पुलिस ने 19 जुलाई, 2021 को एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को पोर्न फिल्में बनाने और उन्हें वेबसाइट-एप्लिकेशन से डिस्ट्रीब्यूट करने के आरोप में अरेस्ट किया था। मुंबई पुलिस ने बताया कि क्राइम ब्रांच ने फरवरी, 2021 में एक केस दर्ज किया था। इस मामले में राज कुंद्रा के शामिल होने के पर्याप्त सबूत हैं। इस मामले में कुंद्रा समेत 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने कोर्ट में बताया कि 'राज कुंद्रा अपने एप हॉटशॉट के जरिए अश्लील वीडियो की डीलिंग कर रहे थे।'

**एकता कपूर :** 22 अक्टूबर को फिल्म मेकर एकता कपूर और उनकी मां शोभा कपूर के खिलाफ मुंबई के बोरीवली में पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। उन पर OTT प्लेटफॉर्म 'ऑल्ट बालाजी' की वेब सीरीज 'गंदी बात' में नाबालिगों से जुड़ा अश्लील कंटेंट दिखाने का आरोप लगा। ये सीरीज फरवरी से अप्रैल 2021 के बीच दिखाई गई थी।

एकता कपूर ऑल्ट बालाजी की फाउंडर हैं। हालांकि, तब उनकी कंपनी ऑल्ट डिजिटल मीडिया एंटरटेनमेंट लिमिटेड ने कहा था कि कंपनी सभी कानूनों का पूरी तरह पालन करती है।

बैन ऐप्स के वीडियो टेलीग्राम पर मिल रहे 12 मार्च, 2024 को सूचना प्रसारण मंत्रालय ने अश्लील कंटेंट दिखाने वाले 18 OTT प्लेटफॉर्म्स को ब्लॉक कर दिया था। इनके अलावा 19 वेबसाइट, 10 ऐप और इनसे जुड़े 57 सोशल मीडिया अकाउंट्स भी बंद कर दिए थे।

मंत्रालय के प्रेस नोट में सभी 18 OTT प्लेटफॉर्म के नाम भी दिए गए। प्रेस नोट में लिखा था कि अब इन्हें भारत में कहीं भी एक्सेस नहीं किया जा सकता। हमारी पड़ताल में पता चला कि वेबसाइट और OTT प्लेटफॉर्म तो बंद हैं, लेकिन बैन किए गए 18 ऐप में से 11 का कंटेंट अब टेलीग्राम पर मिल रहा हैं। ऐप के नाम से चैनल बने हैं, जिन पर मार्च 2024 के बाद भी वीडियो पोस्ट किए गए हैं। वीडियो प्ले करने के लिए अलग से मोबाइल ऐप डाउनलोड कराया जा रहा है। इन ऐप पर 16 फरवरी, 2025 तक वीडियो अपलोड किए गए हैं।

## भारत में बैन OTT और एप


**तारीख: 12 मार्च 2024**

| | | |
|---|---|---|
| ड्रीम्स फिल्म्स | वूवी (Voovi) | अनकट अड्डा |
| ट्राई फ्लिक्स | एक्स प्राइम | मोजफ्लिक्स |
| बेशर्म | हंटर्स | एक्स्ट्रामूड |
| हॉट शॉट्स VIP | फ्यूजी | चिकूफ्लिक्स |
| येस्मा | रेबिट | न्यूफ्लिक्स |
| मूडएक्स | प्राइम प्ले | नियॉन एक्स |

## बंद किए गए सोशल मीडिया अकाउंट

| | |
|---|---|
| फेसबुक | 12 |
| इंस्टाग्राम | 17 |
| X | 16 |
| यूट्यूब | 12 |

## कंटेंट से जुड़ी सरकार की गाइडलाइंस



- आत्महत्या और खुद को नुकसान वाले सीन बच्चों और युवाओं को नहीं दिखाएंगे, इन्हें हायर कैटेगरी में रखेंगे यानी चेतावनी के साथ दिखाएंगे
- ऐसी भाषा, बोली, मुहावरे का इस्तेमाल नहीं करेंगे, जिससे किसी की गरिमा को ठेस पहुंचे, देश में भाषाई विविधता है, देश की संस्कृति का ध्यान रखना होगा
- न्यूडिटी को लेकर देश में लागू कानून के अनुसार ही कोई कंटेंट ब्रॉडकास्ट किया जा सकता है
- सेक्शुअल कंटेंट को हायर क्लासिफिकेशन एडल्ट (A) के साथ बताना पड़ेगा
- U/A 16+ और A कैटेगरी में बताए गए सेक्सुअल कंटेंट को सिर्फ उसी कैटिगरी में पब्लिश कर सकते हैं, लेकिन अश्लील कंटेंट के नियम को लागू करना जरूरी होगा





# सेहत के लिहाज से लाभकारी माना जाता है काले चने का सेवन, शुगर लेवल रखेगा कंट्रोल, हाई बीपी के मरीजों के लिए फायदेमंद

**सेहत** के लिहाज से काले चने को अधिक लाभकारी माना जाता है। इसका सेवन फायदेमंद माना जाता है। चना ना केवल वेट लॉस में आपकी मदद कर सकता है। साथ ही में डायबिटीज भी कंट्रोल कर सकता है। दरअसल, काले चने में स्टार्च के साथ-साथ ऐमिलोज नाम का एक खास तत्व पाया जाता है, जिसके चलते फूड्स में मौजूद शुगर का ब्लड में मिलने की प्रकिया धीमी हो जाती है। साथ ही बॉडी में इंसुलिन की सक्रियता भी बढ़ जाती है, जो टाइप-2 डायबिटीज से परेशान रोगियों के शुगर लेवल को कंट्रोल कर सकता है।

### विटामिन बी कॉम्पलेक्स काफी

भिगोए हुए काले हुए चने खाने से शरीर को ज्यादा पोषक तत्व मिलते हैं। इसमें विटामिन बी कॉम्पलेक्स काफी होता है। इसके अलावा भिगोकर खाने से चने में प्रोटीन की मात्रा भी बढ़ जाती है और मसल्स को मजबूत बनाते हैं।



हालांकि इन्हें पचाना आसान नहीं होता है। भीगे चने डाइजेशन में परेशान कर सकते हैं।

पाचन तंत्र के लिए भी फायदेमंद काले चने में फाइबर की मात्रा भरपूर पाई जाती है, जो मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देने का काम करता है। बेहतर मेटाबॉलिज्म पाचन तंत्र दुरुस्त रखने का काम करता है और आपको पेट की कई तरह की बीमारियों से बचाने का काम करता है। रोजाना सुबह भिगोए काले चने का सेवन बेहद लाभकारी साबित हो सकता है।

### हार्ट हेल्थ को भी बढ़ावा देता है

कोलेस्ट्रोल की अधिकता हृदय स्वास्थ्य के लिए घातक मानी जाती है। ऐसे में इसे कम करने के लिए आप भिगोए हुए काले चने का सेवन कर सकते हैं।

इसमें मौजूद पोटैशियम हाई ब्लड प्रेशर को कम करता है और हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद माना जाता है।

### खून की कमी को पूरा करता है

**एनीमिया की परेशानी का कारण आयरन की कमी को माना जाता है। काला चना आयरन का अच्छा स्रोत माना जाता है। ऐसे में आयरन की कमी को पूरा कर एनीमिया की परेशानी से कुछ हद तक राहत पायी जा सकती है। रोजाना सुबह काले चने का सेवन आपकी बॉडी में खून की कमी को पूरा कर सकता है।**

# संक्रामक बीमारियों की चपेट में दुनिया, पिछले साल भारत में इस बीमारी ने तोड़ा 15 साल का रिकॉर्ड





पिछले एक दशक के आंकड़े उठाकर देखें तो पता चलता है कि दुनिया के कई देश तेजी से गंभीर और संक्रामक बीमारियों की चपेट में आते जा रहे हैं। वहीं पिछला पांच साल और भी गंभीर चुनौतियां बढ़ाने वाला रहा है। साल 2019 के आखिरी के महीनों में शुरू हुई कोरोना महामारी ने वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य संबंधित जोखिमों को तो बढ़ाया ही, इसी के पैरेलल म्यूकोरमाइकोसिस, बर्ड फ्लू, नोरोवायरस सहित कई अन्य बीमारियों ने भी स्वास्थ्य सेवाओं को खूब प्रभावित किया। बीमारी का पूर्वानुमान लगाने वाली एयरफिनिटी फर्म ने एक हालिया विश्लेषण में बताया कि कोरोना के बाद परिस्थितियों में काफी नकारात्मक रूप से परिवर्तन आ गया है। करीब 44 देशों में किए गए सर्वे में पाया गया कि कम से कम एक संक्रामक बीमारी महामारी से पहले की तुलना में दस गुना ज्यादा फैली है। हालिया रिपोर्ट्स में अमेरिका-भारत सहित कई देशों में तेजी से बढ़ रहे एच5एन1 संक्रमण (बर्ड फ्लू) को लेकर वैज्ञानिक अलर्ट कर रहे हैं, वहीं ब्रिटेन के कई हिस्सों में नोरोवायरस का संक्रमण भी तेजी से बढ़ा है। विशेषज्ञों ने सभी लोगों को इन संक्रामक बीमारियों से बचाव के उपाय करते रहने और इम्युनिटी बढ़ाने पर जोर दिया है।

### 2024 में भारत में पेट के संक्रमण ने तोड़ा रिकॉर्ड

भारतीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक रिपोर्ट में बताया कि साल 2024 में एक्यूट डायरिया डिजीज ने पिछले 15 साल के रिकार्ड को तोड़ दिया। पिछले साल (2024 में) तीव्र दस्त रोग का प्रकोप रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो दुनियाभर में सबसे आम जीवाणु और वायरल बीमारियों की असामान्य वृद्धि को दर्शाता है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत में 22 दिसंबर तक देशभर में एक्यूट डायरियल डिजीज के 1,000 से अधिक प्रकोप दर्ज किए गए। 2009 के बाद से यह उच्चतम स्तर है।

स्वास्थ्य विभाग ने देशभर में फूड पॉइजनिंग के 300 से अधिक प्रकोपों की भी सूचना दी, जो 2019 के बाद से सबसे अधिक है।

### एक्यूट डायरियल डिजीज क्या है?

एक्यूटडायरियल डिजीज कई अलग-अलग कारकों के कारण हो सकता है। साल्मोनेला और विब्रियो पैराहेमोलिटिकस जैसे बैक्टीरिया और नोरोवायरस-रोटावायरस और एस्ट्रोवायरस जैसे वायरस के संक्रमण से ये बीमारी होती है। वैसे तो सभी उम्र के लोग इससे प्रभावित हो सकते हैं हालांकि बच्चों में इसका खतरा अधिक देखा जाता रहा है।

तीव्र दस्त रोग से पीड़ित रोगियों में बार-बार पतला या पानी जैसा मल आने, उल्टी और बुखार की समस्या होती रहती है। यह रोग आमतौर पर हल्का होता है और अपने आप ठीक हो जाता है, हालांकि गंभीर मामलों में इसके कारण निर्जलीकरण और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

### कई देशों में एच5एन1 का संक्रमण

विशेषज्ञों की टीम ने कहा, कोविड-19 महामारी के बाद दुनियाभर में कई बीमारियों में तेजी से वृद्धि देखी गई है। महामारी के दौरान टीकाकरण में कमी और बदलते पर्यावरणीय कारकों के चलते पहले की तुलना में संक्रामक रोगों के मामले अब काफी ज्यादा देखे जा रहे हैं। भारत-अमेरिका सहित कई अन्य देश इन दिनों एच5एन1 जिसे बर्ड फ्लू भी कहा जाता है, इस रोग से प्रभावित हैं। बर्ड फ्लू को आमतौर पर मुर्गियों और कुछ पक्षियों में होने वाला संक्रमण माना जाता रहा था हालांकि अब न सिर्फ ये इंसानों को संक्रमित कर रहा है बल्कि इसके कारण कुछ लोगों की मौत भी हुई है। हाल ही में वायरस का एक नया वैरिएंट छ्1.1 देखा गया है जिसे कई मामलों में सेहत के लिए गंभीर और चुनौतीपूर्ण माना जा रहा है।



### नोरोवायरस का भी देखा जा रहा है प्रकोप

हालिया रिपोर्ट्स में स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने ब्रिटेन के कई हिस्सों में नोरोवायरस के संक्रमण को लेकर भी अलर्ट किया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा, नोरोवायरस के मामले ब्रिटेन में 116 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं, जिससे अस्पतालों पर दबाव बढ़ रहा है। आयरलैंड में भी इसके मामले बढ़ने की खबरें सामने आ रही हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ इसके तेजी से फैलने वाली बीमारी को रोकने के लिए स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते रहने की सलाह देते हैं। इंग्लैंड में एनएचएस पहले से ही उच्च संक्रमण दर को लेकर चिंता जताता रहा है। फरवरी की शुरुआत में प्रतिदिन औसतन 961 मरीजों का अस्पताल में इलाज किया जा रहा था।

कुछ मामलों में इस संक्रामक रोग के कारण गंभीर स्वास्थ्य जटिलताएं भी देखी जा रही हैं।

# भूलकर भी घर में ना लाएं खाने की ये 5 चीजें, कम उम्र में ही घेर लेंगी गंभीर बीमारियां

यदि हम सिर्फ अपने खानपान में ही सुधार कर लें तो कई बीमारियों का खतरा यूं ही काफी हद तक कम हो जाता है। कई बार हम जाने-अनजाने घर में कुछ ऐसे फूड आइटम ले आते हैं, जो हमारी सेहत के लिए जहर से कम नहीं।

हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक ये फूड्स नेचर में काफी एडिक्टिव होते हैं। इसके साथ ही ये काफी अनहेल्दी भी होते हैं। अक्सर हम इन चीजों को घर में ला कर स्टोर कर लेते हैं और फिर स्नैक्स की तरह इन्हें खाते रहते हैं। ऐसे में बेहतर है कि आप इन फूड्स को अपने घर लाएं ही ना ताकि आपको उन्हें खाने की क्रेविंग भी ना हो और आप अपनी हेल्थ का भी ध्यान रख सकें।



## बिस्किट

अक्सर लोग ढेर सारे बिस्किट ला कर घर में स्टोर कर लेते हैं। ऐसे में जब भी कुछ हल्का-फुल्का खाने का मन होता है तो तुरंत बिस्किट का पैकेट ओपन कर लेते हैं।

बिस्किट में मैदा, पॉम ऑयल, चीनी और नमक भर-भर कर होते हैं; जो सेहत के लिए जहर से कम नहीं। ये सभी चीजें मिलकर बिस्किट को काफी एडिक्टिव बनाती हैं। ऐसे में आप खाने तो सिर्फ एक बिस्किट जाते हैं लेकिन पूरा पैकेट कब खत्म हो जाता है, पता ही नहीं चलता। इसलिए बेहतर है कि इन्हें घर पर लाएं ही ना।

## चिप्स और नमकीन

आपको अपने घर में चिप्स, नमकीन और कुरकुरे जैसे फ्राइड स्नैक्स भी स्टोर नहीं करने चाहिए। इन्हें बनाने में मैदा, नमक और चीप क्वालिटी के पॉम ऑयल का इस्तेमाल होता है; जो सेहत के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं। ये मोटापे, डायबिटीज और हार्ट रिलेटेड बीमारियों के खतरे को बढ़ाते हैं। ऐसी अनहेल्दी चीजें लाने के बजाए ड्राई फ्रूट्स जैसे हेल्दी स्नैक्स स्टोर करें।

## डब्बाबंद जूस

अक्सर लोग पैकेट वाले फ्रूट जूस को हेल्दी समझकर अपनी डाइट में शामिल कर लेते हैं। जबकि ये सेहत के लिए उल्टा नुकसानदायक होते हैं। इनमें भारी मात्रा में चीनी, आर्टिफिशियल फ्लेवर और कलर होता है; जिससे ब्लड शुगर लेवल तेजी से स्पाइक होता है। इन्हें पीने से शुगर की क्रेविंग और भी ज्यादा बढ़ जाती है, जिससे सेहत को और भी ज्यादा नुकसान होता है।

## कोल्ड ड्रिंक्स

हेल्दी रहना है तो कोला और अन्य तरह की कोल्ड ड्रिंक्स से भी दूरी बना लें। इनमें भारी मात्रा में चीनी होने के साथ-साथ आर्टिफिशियल कलर और फ्लेवर होता है, जो सेहत के लिए बिल्कुल भी सही नहीं।

इन्हें पीने से मोटापे, शुगर और यहां तक कि लीवर से जुड़ी हुई बीमारियां का खतरा भी बढ़ता है। इनकी जगह नेचुरल फ्रूट जूस, बटर मिल्क जैसी हेल्दी चीजों को अपनी डाइट में शामिल करें।

## कैंडी और सस्ती चॉकलेट

आपको अपने घर में कैंडी और सस्ती चॉकलेट लाने से भी बचना चाहिए। कैंडी में आर्टिफिशियल कलर, फ्लेवर और भारी मात्रा में चीनी होती है, जो मोटापे के साथ-साथ डायबिटीज जैसे कई हेल्थ इश्यूज का कारण बन सकती है।

इसके अलावा सस्ती चॉकलेट में भी घटिया क्वालिटी के कोको पाउडर, वेजिटेबल ऑयल, चीनी और पॉम ऑयल का इस्तेमाल होता है, जो सेहत के लिए बिल्कुल भी ठीक नहीं।

# बच्चों के साथ ट्रेन में कर रहे हैं सफर तो इन बातों का रखें ध्यान

ट्रेन से सफर करना बच्चों के लिए एक रोमांचक अनुभव हो सकता है, लेकिन उनके साथ यात्रा करते समय अतिरिक्त सावधानी बरतना बहुत जरूरी है। बच्चे ट्रेन में काफी उछल-कूद करते हैं और आज-कल महाकुंभ की वजह ट्रेनों में इतनी भीड़ है कि इन दिन दिनों कहीं भी यात्रा करने से परहेज करना ही समझदारी है।

हालांकि, फिर भी अगर आप बच्चों को छुट्टियों पर घुमाने के लिए कहीं जाने का प्लान कर रहे हैं तो यहां कुछ ऐसे महत्वपूर्ण टिप्स दी गई हैं, जो बच्चों को सुरक्षित और यात्रा को आरामदायक बनाए रखने में मदद करेंगी। आइए विस्तार से जानते हैं।



### 1. बच्चों को ट्रेन में चढ़ने और उतरने के दौरान संभालें

- हमेशा बच्चे का हाथ पकड़कर ही ट्रेन में चढ़ें और उतरें।
- प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच का अंतर ध्यान से देखें, ताकि बच्चा फिसल न जाए।
- स्टेशन पर भीड़ भाड़ से बचने के लिए जल्दी-जल्दी न भागें।

### 2. बच्चों को सीट पर सुरक्षित रखें

- खिड़की के पास बैठाने से बचें - अगर खिड़की खुली हो, तो बच्चे बाहर झांकने की कोशिश कर सकते हैं।
- चलती ट्रेन में इधर-उधर दौड़ने न दें - ट्रेन के झटकों से गिरने का खतरा रहता है।
- नाइट ट्रेवल में लोअर बर्थ दें - ऊपरी बर्थ पर गिरने की संभावना ज्यादा होती है।

### 3. बच्चों के लिए जरूरी सामान साथ रखें

- खाने-पीने की चीजें - घर से हल्का और --हेल्दी खाना (बिस्किट, फ्रूट, ड्राई फ्रूट, दूध) रखें।
- पानी और जूस - हाइड्रेटेड रहना जरूरी है।
- अतिरिक्त कपड़े और नैपकिन - गंदगी या उल्टी -होने की स्थिति में काम आएंगे।
- मेडिकल किट - बुखार, उल्टी, मोशन सिकनेस, चोट के लिए दवाएं रखें।
- मनोरंजन का सामान - किताबें, रंग भरने की चीजें या पसंदीदा खिलौने ताकि बच्चा बोर न हो।

### 4. अजनबियों से सतर्क रहें

- बच्चों को किसी अजनबी से खाने-पीने की चीज न लेने दें।
- अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति बच्चा चुराने की कोशिश करे, तो तुरंत टीटीई या रेलवे पुलिस को सूचित करें।
- बच्चों को सिखाएं कि वे कहीं गुम न हों और जरूरत पड़ने पर मदद के लिए माँ-बाप का नाम या मोबाइल नंबर बताएं।

### 5. टॉयलेट इस्तेमाल में सावधानी

- छोटे बच्चों को अकेले टॉयलेट न जाने दें।
- दरवाजा अच्छी तरह बंद करें और बच्चे को समझाएं कि वे ज्यादा देर तक अंदर न रहें।
- सैनिटाइजर और टिशू पेपर साथ रखें।

